बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति सं0—PR..................../2024

स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा, 2024 (प्रथम) अंतर्गत दिनांक 27.02.2024 की द्वितीय पाली की स्थगित परीक्षा दिनांक 06.03.2024 को आयोजित होने के संबंध में

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.02.2024 के द्वितीय पाली की सक्षमता परीक्षा, 2024 (प्रथम) अपरिहार्य तकनीकी कारणवश स्थगित की गयी थी। **उक्त पाली में आवंटित परीक्षार्थियों की परीक्षा दिनांक 06.03.2024 को पुनर्निर्धारित की गई है।**

2. संबंधित अभ्यर्थियों, अर्थात् जिनकी परीक्षा दिनांक 27.02.2024 के द्वितीय पाली में निर्धारित थी, की पुनर्निर्धारित परीक्षा का प्रवेश पत्र दिनांक 03.03.2024 को समिति के बेवसाइट https://www.bsebsakshamta.com पर अपलोड रहेगा। संबंधित अभ्यर्थी अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का उपयोग कर उक्त प्रवेश पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे। **तत्पश्चात् डाउनलोड किए गए प्रवेश पत्र को अपने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी(स्थापना) से प्रतिहस्ताक्षरित कराकर ही निर्धारित परीक्षा केन्द्र/समय पर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु उपस्थित होंगे।**

2/3/24

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के0वि0—158/2024 पटना, दिनांक—02/03/2024

प्रतिलिपिः जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को दैनिक समाचार—पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

2. प्रोजेक्ट मैनेजर, M/s Sify Digital Services Ltd, M/s Kids International Services Pvt Ltd., M/s Electronics Corporation of India Ltd. Hyderabad एवं Innovatiview India Pvt. Ltd. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. उप निदेशक, आई0टी0 (ओ0एफ0एस0एस0), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित एवं अनुरोध है कि सभी संबंधित को इस विज्ञप्ति से अवगत कराया जाए। साथ ही इसे समिति के BSEB Information App पर अपलोड कर दिया जाय एवं अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाय तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाय। **साथ ही सभी संबंधित अभ्यर्थियों को SMS/Whatsapp एवं E-mail के माध्यम से भी अनिवार्य रूप से संसूचित किया जाए।**
4. अपर सचिव, भण्डार (मा0) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
5. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। **अनुरोध है कि संबंधित अभ्यर्थियों को अपने स्तर से भी संसूचित करने की कृपा की जाए।**
6. सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना (संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। **अनुरोध है कि शिक्षक अभ्यर्थी द्वारा डाउनलोड किए गए प्रवेश पत्र को ससमय प्रतिहस्ताक्षरित करना सुनिश्चित करेंगे।**
7. निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् महेन्द्रू, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।
8. निदेशक (प्राथमिक शिक्षा), निदेशक(मा0शि0), शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
9. अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
10. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक/उच्च माध्यमिक) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

2/3/24

परीक्षा नियंत्रक, (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना